जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति दिनांक-28.02.2025

थाना थानाभवन पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्करी में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 498 ग्राम गांजापत्ती चूर्ण बरामदः-

दिनांक 27.02.2025 की रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे मादक पदार्थ तस्करी में वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही एवं रोकथाम अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल नेतृत्व में थाना थानाभवन पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्करी में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है, जिसके कब्जे से अवैध 498 ग्राम गांजापत्ती चूर्ण बरामद हुआ है। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.अजय पुत्र मुकेश निवासी मौहल्ला कश्यपपुरी थाना गढीपुख्ता जनपद शामली।

बरामदगी का विवरणः-

1.अवैध 498 ग्राम गांजा पत्ती चूर्ण।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 श्री दीपचन्द थाना थानाभवन जनपद शामली।

2.है0का0 यशपाल थाना थानाभवन जनपद शामली।

3.का0 मोहित कुमार थाना थानाभवन जनपद शामली।

<u>श्रीमान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे अभियान “आपरेशन क्लीन” के क्रम में एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित मुकदमों में बरामद कुल 45 माल वजन 629.158 किलोग्राम भिन्न-भिन्न प्रकार के मादक पदार्थों को माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में विनिष्टीकरण की कार्यवाही की गयी।</u>

श्रीमान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे अभियान “आपरेशन क्लीन” के क्रम में पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसवेक गौतम की अध्यक्षता मे अपर पुलिस अधीक्षक शामली श्री संतोष कुमार सिंह (नोडल अधिकारी) के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर श्री अमरदीप मौर्य (सदस्य) के निकट पर्यवेक्षण में थानो पर लम्बित मालों के निस्तारण हेतु माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मालों के निस्तारण हेतु जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल का गठन किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 28.02.2025 को जनपद सहारनपुर स्थित एसएम एमएच मेडिकल कालेज सहारनपुर की पिलखनी इन्सुलेटर भट्टी में थाना आदर्शमंडी/कैराना/कांधला/झिंझाना/थानाभवन/बाबरी/गढीपुख्ता के माल मोहर्रिर एवं नामित निरीक्षक श्री चन्द्रसैन की मौजूदगी में एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित मुकदमों में बरामद भिन्न-भिन्न प्रकार के मादक पदार्थ (गांजा-04 किलोग्राम, चरस-22.948 किलोग्राम, स्मैक 0.25 किलोग्राम, सुल्फा-0.42 किलोग्राम, डोडा पोस्त-600.51 किलोग्राम, हेरोईन 0.850 किलोग्राम व 55 पौधे अफीम, डायजापाम 0.18 किलोग्राम) कुल 629.158 किलोग्राम को एसएम एमएच मेडिकल कालेज सहारनपुर की पिलखनी इन्सुलेटर भट्टी में समस्त माल को नष्ट कराकर विनष्टीकरण की कार्यवाही की गयी।

<u>नष्ट किया गया एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित माल का विवरणः-</u>

1-गांजा-04 किलोग्राम,

2-चरस-22.948 किलोग्राम,

3-डोडा पोस्त -600.51 किलोग्राम,

4-सुल्फा-0.42 किलोग्राम,

5-स्मैक -0.25 किलोग्राम,

6-हेरोईन-0.85 किलोग्राम

7-डायजापाम-0.18 किलोग्राम

8-अफीम पौधे 55

(कुल नशीला पदार्थ—629.158 किलोग्राम)

<u>एनडीपीएस एक्ट के माल निस्तारण हेतु गठित टीम का विवरण:-</u>

1- श्री रामसेवक गौतम, पुलिस अधीक्षक शामली।

2- श्री संतोष कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक शामली।

3- श्री अमरदीप मौर्य, क्षेत्राधिकारी नगर शामली।

थाना थानाभवन पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-

आज दिनांक 28.02.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना थानाभवन पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.सोमसिंह पुत्र मुखत्यारा निवासी ग्राम रसीदगढ थाना थानाभवन जनपद शामली।

अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य में अन्य सरकारी विभागों सहित पुलिस विभाग में भी ई-ऑफिस प्रणाली लागू करते हुए पेपरलैस कार्यान्वन किये जाने के निर्देश निर्गत किये गये हैं। इसी क्रम में जनपद में उक्त प्रणाली को लागू किये जाने के उद्देश्य से आज दिनांक 28.02.2025 को पुलिस लाइन शामली स्थित सभागार कक्ष में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम द्वारा जनपद के समस्त थानों व ऑफिस में नियुक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर सहित अन्य पुलिस कर्मियों को ई-ऑफिस के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ई-ऑफिस एक डिजिटल प्लेटफार्म है जिसके माध्यम से सरकारी कार्यों में कागज के उपयोग को कम करने, कार्यदक्षता बढाने, ऑफिस के सभी दस्तावेजों को डिजिटलाइज करने, बेहतर डाटा प्रबन्धन, फाइलों के त्वरित निस्तारण किया जा सकेगा। निकट भविष्य में पुलिस विभाग में ई-ऑफिस के माध्यम से समस्त कार्य सम्पादित किये जायेंगे। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शामली श्री सन्तोष कुमार सिंह व प्रतिसार निरीक्षक श्री विक्रम चौहान मौजूद रहे।

<u>SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI</u>